INDIAN NATIONAL CONGRESS

शहर कांग्रेस कमेटी, प्रयागराज

पताः 34 जवाहर स्क्वायर चौक, प्रयागराज

निवासः 736, कर्नलगंज, प्रयागराज
मो0: 9415216651, 8299784258

प्रदीप कुमार मिश्र 'अंशुमन'
अध्यक्ष

सेवा में,
श्री नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री भारत सरकार
नई दिल्ली

विषय–औद्योगिक क्षेत्र नैनी, यमुनापार, प्रयागराज में बंद कारखानों को फिर से खोले जाने एवं किसानों को मुआवजा दिए जाने के संबंध में

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद नैनी, यमुनापार, प्रयागराज क्षेत्र को विकसित करने एवं लोगों को रोजगार दिए जाने के क्षेत्र में साहसिक पहल करते हुए शास्त्री जी ने नैनी को औद्योगिक क्षेत्र घोषित किया था।

औद्योगिक क्षेत्र घोषित किए जाने के बाद नैनी क्षेत्र के 16 गांव के किसानों की बहुमूल्य भूमि सरकार द्वारा अधिग्रहित की गई और यहां पर कारखाने स्थापित किए गए। कई दशक तक यह कारखाने चलते रहे। इन कारखानों की स्थापना होने के बाद नैनी, यमुनापार, प्रयागराज ही नहीं पूरे देश के लोगों को यहां रोजगार मिला। लाखों लोग विभिन्न कंपनियों में काम करने लगे। सरकार द्वारा स्थापित प्रमुख इकाइयों में आईटीआई, टी एस एल, बीपीसी, एनटीसी की स्वदेशी कॉटन मिल जैसी सैकड़ों प्रमुख कंपनियां थी। जहां लाखों लोग काम करते थे। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान नैनी क्षेत्र में छोटे–बड़े कुल मिलाकर लगभग 1000 कारखाने चल रहे थे। बीजेपी सरकार आने के बाद ये कारखाने लगभग बंद हो चुके हैं। पूरा नैनी, प्रयागराज औद्योगिक क्षेत्र वीरान हो गया है। क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ रही है और लोग यहां से पलायन करके दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए जा रहे हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कारखानों की स्थापना के लिए नैनी क्षेत्र 16 गांव के जिन किसानों की जमीन सरकार ने ली की थी। उन किसानों जमीन भी चली गई और उन्हें उनकी जमीन का उचित मुआवजा भी नहीं मिला। सरकार ने वादा किया था कि कारखाने खुलेंगे, तो जिन किसानों की जमीन ली गई है। उन्हें नौकरी मिलेगी। जमीन में चली गई। कारखाने बंद हो गए। नौकरी भी चली गई। इस तरह का दोहरा आर्थिक संकट नैनी क्षेत्र के 16 गांव के किसानों के ऊपर आया। जिसकी वजह से यहां के निवासी बहुत परेशान और दुखी हैं।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि नैनी, यमुनापार, प्रयागराज में जो पहले औद्योगिक इकाइयां संचालित हो रही थी। सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र के जो कारखाने चल रहे थे। उन सभी कारखानों को फिर से चालू किया जाए। क्योंकि उन कारखानों की जमीन अभी तक खाली पड़ी है। बिल्डिंग भी खाली पड़ी है। मशीने भी लगी हुई है। सरकार को एक आर्थिक पैकेज देकर के इन कारखानों को चालू करना है। जो बहुत ही साधारण सी बात है। सरकारी यदि चाहे तो एक महीने के अंदर यहां बंद पड़ी दर्जनों कंपनियां फिर से चालू हो सकती हैं और लाखों लोगों को रोजगार मिल सकता है।

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि नैनी क्षेत्र में बंद पड़े कारखानों को फिर से शुरू किए जाने हेतु विशेष आर्थिक पैकेज देकर इन कारखानों को फिर से चालू किया जाए।

प्रार्थना

1—नैनी, यमुनापार, प्रयागराज क्षेत्र के बंद कारखानों को फिर से शुरू करने के लिए 5000 करोड रुपए का विशेष पैकेज नैनी, यमुनापार प्रयागराज उद्योग क्षेत्र को दिया जाए।

2—नैनी क्षेत्र के बन्द कारखानों को फिर से खोला जाए। ताकि लोगों को रोजगार मिल सके।

3—नैनी, यमुनापार, प्रयागराज क्षेत्र स्थित कारखानों की स्थापना के लिए जिन किसानों की जमीन ली गई थी। उन प्रभावित किसानों को जिन्हें अभी तक उनकी जमीन का मुआवजा नहीं मिला है। उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए।

आदरपूर्वक यह भी अवगत कराना है कि यदि नैनी क्षेत्र के बंद कारखानों को शीघ्र ही नहीं शुरू किया गया तो रोजी—रोटी का संकट बढ़ता जाएगा, बेरोजगार परेशान रहेंगे। नैनी क्षेत्र के कारखाने बंद हो जाने से स्थानीय जनता, किसानों और युवाओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।

यदि नैनी क्षेत्र के बंद कारखानों को शीघ्र ही दो माह के भीतर फिर से शुरू नहीं किया गया तो स्थानीय जनता के सहयोग से नैनी के कारखानों को खोले जाने और किसानों को उनकी जमीनों का मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना, प्रदर्शन, आंदोलन शुरू किया जाएगा।

आशा है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए बेरोजगारों और किसानों की समस्याओं के निदान हेतु नैनी, यमुनापार, प्रयागराज क्षेत्र में स्थापित कारखानों को फिर से शुरू किए जाने की कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की कृपा करेंगे।

भवदीय

दिनांक÷ 04/05/2026

प्रदीप मिश्रा अंशुमन

P.K. Mishra

पूर्व महामंत्री—इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ

पूर्व शहर अध्यक्ष—शहर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज

संयोजक—कारखाना शुरू करो अभियान समिति, नैनी, प्रयागराज